हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

12 सिविल अस्पताल बना सियासी अखाड़ा...



12 विकसित भारत जी रामजी अधिनियम से गांवों में...





# दलदली पंचायत की अनुकरणीय पहल, 14-14 सदस्यीय टीमें रोज कर रहीं जंगल की रखवाली

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 5000 रुपए का अर्थदंड का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सरोना

ग्राम पंचायत दलदली ने सामुदायिक जिम्मेदारी और जागरूकता का ऐसा उदाहरण पेश किया है, जो अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा बन सकता है। यहां जंगल को केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की धरोहर मानते हुए ग्राम सभा ने संरक्षण के सख्त और स्पष्ट नियम लागू किए हैं। ग्राम सभा दलदली ने निर्णय लिया है कि गीली लकड़ी काटना, वन भूमि पर अवैध निस्तारी या किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अपराध माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 5000 रुपए का अर्थदंड लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत दलदली ने अपनी जनसंख्या और जंगल की लंबी भौगोलिक सीमा को ध्यान में रखते हुए 14-14 सदस्यों की टीमों का गठन किया है। यह टीमें रोजाना बारी-बारी से जंगल भ्रमण कर सुरक्षा, निगरानी और प्रबंधन का कार्य करती हैं। इसका असर साफ दिख रहा है, अवैध कटाई पर रोक लगी है और ग्रामीणों में जंगल के प्रति जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हुई है। ग्रामीण अब अपने सामुदायिक वन अधिकारों को न केवल समझ रहे हैं, बल्कि जिम्मेदारी के साथ उनका उपयोग भी कर रहे हैं। आपसी विवाद या अव्यवस्था से बचने के लिए ग्राम सभा ने पारंपरिक निस्तार क्षेत्र और निर्धारित फॉरेस्ट कंपार्टमेंट के भीतर ही प्रबंधन करने का फैसला किया है। इसके साथ ही, सीमावर्ती ग्रामों को भी वन सुरक्षा से जुड़े नियमों की पूर्व ▶▶|शेष पेज 10 पर

### बुजुर्गों की सीख, भविष्य की चिंता

ग्राम सभा की बैठकों में बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले जंगलों में हरियाली भरपूर हुआ करती थी। जरूरत के अनुसार लकड़ी ली जाती थी, लेकिन अंधाधुंध कटाई नहीं होती थी। आज बढ़ते जंगल विनाश को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं। उनका मानना है कि यदि समय रहते संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगल केवल कहानी बनकर रह जाएंगे।



### पर्यावरण संतुलन की दिशा में कदम

ग्रामीणों का विश्वास है कि वनों की सुरक्षा से वातावरण शुद्ध रहेगा, जल स्तर बढ़ेगा, वर्षा चक्र बेहतर होगा और प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा। इसी सोच के साथ ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की संयुक्त सलाह से वन प्रबंधन समिति और वनाधिकार समिति का गठन किया गया है। ग्राम पंचायत दलदली की यह पहल साबित करती है कि जब समुदाय एकजुट होकर प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेता है, तो जंगल सुरक्षित रहते हैं और भविष्य भी सुरक्षित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### सेक्टर स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के खेल प्रांगण में आयोजित उत्तर बस्तर सेक्टर स्तरीय महिला खो - खो प्रतियोगिता का शुभारंभ भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दीप प्रजल्वित कर किया। विधायक ने कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि इस खो खो टूर्नामेंट के मेजबानी का अवसर हमें मिला। आज हम बात करें हमारी बेटियों की तो वह किसी भी मामले में बेटों से कम नही हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह, सुनील बबला पाढ़ी, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, रामबाई गोटा, सरपंच चैनी बाई रावटे, विमला नेताम, विमला गोटा, मनीष योगी टेम्पा, हितेश तिवारी, लक्ष्मीकांत ठाकुर, निकेश ठाकुर, रवि साहू एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सुखई में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में ग्राम सुखई में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय कोदापाखा द्वारा विशेष पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 27 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 जनवरी तक प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराना तथा उन्हें योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योग प्रशिक्षण शिविर में रोगानुसार योगासनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त लोगों को प्राकृतिक रूप से स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

### कराकी में माता पहुचानी व वार्षिक देव मेला 30 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकी में परंपरा और आस्था से जुड़ा माता पहुचानी एवं वार्षिक देव मेला का आयोजन 30 जनवरी को माता पहुचानी तथा 31 जनवरी को वार्षिक देव मेला के रूप में किया जाएगा। ग्राम सरपंच जवाहर ठाकुर, गायता निर्भय कोवाची, जैनसिंह कोवाची, समारू गावडे, रामलाल जैन, राजू राम नेताम एवं दानसिंह नेताम ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया जाता है। 31 जनवरी को आयोजित होने वाले वार्षिक देव मेला में क्षेत्र के विभिन्न देवी-देवताओं की सहभागिता रहेगी।

### बारदेवरी 29 जनवरी को वार्षिक देव मेला

**बारदेवरी।** बारदेवरी का वार्षिक देव मेला 29 जनवरी दिन गुरुवार का होगा। इस मेले को ग्राम बारदेवरी के अलावा ग्राम कन्हारपुरी, किरगोली, खमडोड़गी में भी मानते हैं। कन्हारपुरी में रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मोर गांव के भुईया ओड़ीसा जिला नयापारा माउलीभाटा का कार्यक्रम आयोजित है ।

### 17 सदस्यों की घर वापसी, हिंदू रीति-नीति में पुनः शामिल

**कांकेर।** गाड़ा गंधर्व समाज के क्षेत्रीय सम्मेलन में हिंदू रीति नीति परंपरा को दशकों से त्याग चुके 17 हिंदू सदस्यों को तिलक, पुष्पहार और भारतमाता के चित्र प्रदान कर घर वापसी करवाया। शुक्रवार को पुसवाड़ा में आयोजित गाड़ा गंधर्व समाज क्षेत्र सिंगनपुर कासरस्वती पूजन सम्मेलन व घर वापसी कार्यक्रम हुआ जहां चार परिवार के 17 सदस्यों ने अपने मूल धर्म को कई सालों से छोड़ चुके थे। समाज की पहल से हिंदू धर्म रीति, नीति पद्धति में पुनः वापसी किए।

## धनेलीकन्हार में कोसरिंया गंधर्व समाज की बैठक में दो परिवारों ने किया मूल धर्म स्वीकार

# मूल संस्कृति में लौटे मतांतरित परिवार गूंजा आस्था और संस्कारों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धनेलीकन्हार

### मंतातरित परिवारों ने मां सरस्वती की पूजा कर अपनाई हिंदू संस्कृति व परंपराएं



ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद में शनिवार 25 जनवरी को एक भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण तब देखने को मिला, जब मंतातरित होकर ईसाई धर्म में चले गए दो परिवारों ने अपने मूल धर्म में पुनः वापसी की। यह कार्यक्रम न केवल सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीण समाज के लिए एक प्रेरणादायी संदेश भी छोड़ गया। कोसरिंया गंधर्व समाज की इस महत्वपूर्ण बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि परंपरा, आस्था और संस्कार आज भी समाज की जड़ों में जीवित हैं।

कोसरिंया गंधर्व समाज की यह बैठक ग्राम के सामाजिक भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता ग्रामीण समाज के अध्यक्ष धनश्याम सोनवानी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाजिक एकता को मजबूत करना और उन परिवारों को पुनः अपने मूल सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना था, जो किसी कारणवश धर्मांतरण कर चुके थे। इस अवसर पर ग्राम के राधेलाल, दीपक एवं तुलसी लोहले अपने-अपने परिवारों सहित मूल धर्म में वापस आए। कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और भावनात्मक रहा। मूल धर्म में वापसी करने वाले परिवारों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्रीफल अर्पित कर समाज की रीति-रिवाजों, परंपराओं और हिंदू संस्कृति को अपनाने तथा उसका सम्मानपूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। पूजा के दौरान उपस्थित समाजजनों ने जयकारों और शुभकामनाओं के साथ इन परिवारों का स्वागत किया। आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष ने कहा कि धर्म केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और सामाजिक मूल्यों का आधार है। अपने मूल धर्म में वापसी करने वाले परिवारों ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची पहचान कभी समाप्त नहीं होती। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट रहने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की अपील की। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सोनवानी, उपाध्यक्ष जागेश नाग, सचिव बाबूलाल नाग, सलाहकार हीरामन नाग सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मूल धर्म में लौटे परिवारों के साहसिक निर्णय की सराहना की और उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक स्थान देने का भरोसा दिलाया। यह आयोजन ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद के लिए केवल एक बैठक नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने और सामूहिक चेतना को मजबूत करने का सशक्त उदाहरण बन गया, जिसकी चर्चा आने वाले समय तक की जाती रहेगी।

### भटके हुए लोगों को फिर से जोड़े

समाज के संरक्षक नरेंद्र दीपक ने इस अवसर पर कहा कि समाज का कर्तव्य है कि वह भटके हुए लोगों को प्रेम, समझ और संवाद के माध्यम से फिर से अपने साथ जोड़े। परिक्षेत्र अध्यक्ष राजकुमार चालकी ने कहा कि यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संदेश है कि अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़े रहना ही समाज को मजबूत बनाता है।

### धर्म व संस्कृति का दिखा संगम

बैठक के अंत में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता लाने के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

## तूमरीटोला-मर्रामपानी पुल निर्माण की मांग पर विधायक सावित्री ने किया स्थल निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल से लगे ग्राम पंचायत सिहारी के आश्रित ग्राम तूमरीटोला से मर्रामपानी के बीच लंबे समय से लंबित पुल निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। वर्षों से ग्रामीण इस पुल के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई थी। विधायक सावित्री मंडावी के निरीक्षण से ग्रामीणों में एक बार फिर उम्मीद जगी है।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति अत्यंत भयावह हो जाती है। तूमरीटोला और मर्रामपानी के बीच बहने वाली नदी को पार कर बच्चों को माध्यमिक शाला और हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ जाने से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की जान हमेशा खतरे में रहती है। कई बार तेज बहाव के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जरूरतों पर गंभीर असर पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए वे लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं। आवेदन, ज्ञापन और मौखिक अनुरोधों के बावजूद अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इसी कारण ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया कि इस पुल को अतिआवश्यक श्रेणी में रखते हुए जल्द से जल्द स्वीकृति दिलाई जाए। विधायक ने मौके पर पहुंचकर नदी, आवागमन मार्ग और संभावित पुल स्थल का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों की सुरक्षा से जुड़ा यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे इस पुलिया निर्माण का मुद्दा आगामी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## शिविर लगा कर कुल 1 हजार 175 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का लिया लाभ



**कांकेर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगातार लोगो को जगरूक करने के लिए विभाग प्रयास कर रही है। सार्वजनिक स्थलों व स्कुलों में पहुंचकर यातायात संबंधी अहम जानकारी दिया जा रहा है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में थाना कांकेर के सामने लाईसेंस बनाने के लिए शिविर लगाया गया, जिसमें आम नागरिको ने लाईसेंस बनाने का लाभ लिया। 37 व सड़क सुरक्षा माह क्रम में 25 जनवरी को एसपी निखिल राखेचा के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीमाल, अतिरिक्त पुलिस कांकेर दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी कांकेर व यातायात /परिवहन विभाग दीपक साव के संयुक्त टीम के द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के तहत 21 जनवरी से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए थाना के सामने शिविर लगाकर आम नागरिकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया जा रहा है। शिविर में 25 जनवरी को लगभग 225 आम नागरिकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया है। इसी प्रकार लगातार थाना के सामने शिविर लगा कर कुल 1 हजार 175 लोगों ने ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का लाभ ले चुके है।

## सड़क हादसा में इलाज के दौरान युवक की मौत, वाहन चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर



थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र अंतर्गत 25 जनवरी को सड़क दुर्घटना में घायल युवक कि इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर से अस्पताल प्रबंधन द्वारा थाना भानुप्रतापपुर को लिखित मेमो भेजकर पुलिस को जानकारी दिया गया।

अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात पुरुष को सड़क दुर्घटना में घायल अवस्था में सीएचसी भानुप्रतापपुर लाया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उक्त मेमो के आधार पर थाना में मर्ग कायम कर पंचनामा एवं जांच की कार्रवाई प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम टेकाढोड़ा निवासी 25 वर्षीय कौशल यादव पिता सहदेव यादव के रूप में की गई। पुलिस जांच में पाया गया कि वाहन क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 6729 के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना की गई, जिससे मृतक को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध धारा 281 एवं 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## बोलेरो ने बाइक व कार को मारी ठोकर दो को आई चोट, पहुँचाय अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कांकेर





जिला मुख्यालय के 6 किमी. दूर माकड़ी चौक के पास रविवार 25 जनवरी को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने एक बाइक और एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका पैर टूट गया एवं एक अन्य घायल हुआ है। बोलेरो वाहन में एक पट्टी स्टेट जीएसटी लिखा हुआ लगा था, उसका टायर भी फट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माकड़ी की चौक के पास बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पहले बाइक से टकराया और इसके बाद पास से गुजर रही कार को भी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में बाइक पर सवार एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके पैर में गंभीर फ्रैक्चर बताया जा रहा है। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल बच्ची को प्राथमिक सहायता दिलाई और एंबुलेंस की मदद से उसे कोमलदेव अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उसे निगरानी में रखा गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बोलेरो वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बोलेरो की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके ▶▶|शेष पेज 10 पर

### प्रशासन की सतर्कता पर सवाल, ग्रामीणों में आक्रोश

# सेम नाम बनी फर्जीवाड़े की ढाल, बांग्लादेशी घुसपैठिए ने एसआईआर में की हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पखांजुर



ग्राम पंचायत बांदे अंतर्गत ग्राम पीव्ही 80 हरिदासपुर में सामने आए एक सनसनीखेज मामले ने प्रशासनिक निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। नाम की समानता का फायदा उठाकर एक बांग्लादेशी घुसपैठिए द्वारा भारतीय नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों और एसआईआर सूची में हेराफेरी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण संतोष सिकदार और जगदीश राय के अनुसार, शिवपद वैध नामक व्यक्ति वर्ष 2012 में बांग्लादेश से भारत आया और हरिदासपुर में बस गया। आरोप है कि उसने खुद का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए धोखाधड़ी का सहारा लिया। इसके तहत उसने ग्राम छोटेबेठिया निवासी एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम भी शिवपद पिता निर्मल है, उसका वर्ष 2003 की मतदाता सूची सहित अन्य दस्तावेज बीएलओ के पास जमा कर दिए। मामले का पर्दाफाश तब हुआ जब गांव के 1962 से निवासरत मूल निवासियों के नाम एसआईआर सूची से गायब पाए गए। बीएलओ द्वारा नोटिस जारी होने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं जांच शुरू की। पड़ताल में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि सिर्फ 12 साल पहले आए व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज है, जबकि दशकों से रह रहे लोगों ▶▶|शेष पेज 10 पर

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजुर, टीआर देवांगन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं। नाम की समानता का अनुचित लाभ उठाकर रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से युवक गिरा, चोट लगने से हुई मौत



**कांकेर।** ट्रैक्टर से गिर मौत होने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया कि 21 दिसंबर को शाम करीबन साढ़े बजे हनुमानपुर निवासी बिपन्नो राय के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीयू 9615 का चालक तोडहूर निवासी सन्नी कोरचा पिता दुड़सू कोरचा अपने ट्रैक्टर ट्राली में तोडहूर निवासी 22 वर्षीय महेश कवड़ो पिता साधू राम कवड़ो के साथ पैरा भरकर प्रदीप दास के घर तोडहूर में ट्राली खड़ी कर वापस अपने घर ट्रैक्टर मुण्डी चलाते लेकर आ रहा था। मुण्डी में ड्रायवर सन्नी कोरचा के बाजू में महेश कवड़ो बैठा था। हनुमानपुर से पनावार जाने वाले पक्की सड़क पर वापस अपने घर तोडहूर आ रहे थे। पीन्टू घोष के घर सामने छोटा पुलिया के पास पहूंचे थे कि वाहन ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीयू 9615 का चालक सन्नी कोरचा द्वारा अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाने से ट्रैक्टर मुण्डी में बैठा महेश कवड़ो ट्रैक्टर से नीचे सड़क में गिर गया, जिससे उसके सिर के पीछले हिस्से में चोट लगा। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ 281, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय हरनगढ़ में बसंत पंचमी और वार्षिकोत्सव की धूम, मेधावी छात्र सम्मानित



**पखांजूर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय हरनगढ़ में इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती पूजा एवं वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने मोटिवेशनल भाषण से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद नन्हे बच्चों सहित मिडिल और हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिनमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति की स्पष्ट झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में न केवल छात्र, बल्कि शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिभा दिखाई। शिक्षिका गीता देवांगन और शिक्षक राजेंद्र सिंह के गीतों की सभी ने सराहना की। उत्सव के दौरान शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करते हुए सत्र 2025 की बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में टॉप 6 में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी एवं कक्षा 12वीं प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व अन्य कक्षाएं प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल की गैर-बोर्ड कक्षाओं के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्तकर्ता। इसके साथ ही पीटी परेड करने वाले विद्यार्थियों और उनके प्रशिक्षकों मनोज मंडल, निर्मल गायन और तनुज चंद को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकार संघ सचिव वरिष्ठ पत्रकार जतन बिस्वास और शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी, विशेष अतिथि सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अमिताभ सरकार, शाला विकास समिति सदस्य संचिता ढाली, सीमा समाद्दार, पत्रकार शंकर सरकार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश नायर, प्रभारी प्राचार्य श्यामल देवनाथ एवं संकुल समन्वयक बलराम उर्वसा का छात्रों और शिक्षकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य श्यामल देवनाथ, प्रधान पाठिका दीपशिखा साहू, शिक्षक पुरामे, प्रधान पाठिका सुष्मिता नाथ नेताम सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों तुलेश्वर रावटे, मयंक खापर्डे, आरती विश्वकर्मा एवं अजय उसेंडी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खेलकूद : 8 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 31 को होगा

# राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ, 32 टीमें ले रहीं हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



तहसील सरोना के हाई स्कूल मैदान में येलो स्टार क्लब के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। यह 8 दिवसीय प्रतियोगिता 24 से 31 जनवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें राज्यभर की 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

शुभारंभ अवसर पर विधायक आसाराम नेताम ने खिलाड़ियों और आयोजकों से कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, अनुशासन और एकता को भी मजबूत करता है। राज्यभर की टीमों की भागीदारी इस आयोजन की सफलता और महत्व को दर्शाती है। प्रतियोगिता के पहले दिन शुभारंभ मैच के रूप में महिलाओं के लिए क्रिकेट मुकाबला आयोजित किया गया। यह मुकाबला कांकेर गर्ल्स और उमरगांव नगरी गर्ल्स की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उमरगांव नगरी गर्ल्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। महिला खिलाड़ियों के उत्साह और खेल कौशल ने दर्शकों का मन मोह लिया और आयोजन को और भी खास बना दिया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए पुरस्कार राशि भी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 75 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार राज रत्न ज्वेलर्स धमतरी द्वारा प्रदान किया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 35 हजार रुपये का द्वितीय पुरस्कार हिमन कोराम की स्मृति में दिया जाएगा। इस अवसर पर येलो स्टार क्लब के सदस्यों द्वारा विधायक आसाराम नेताम को विभिन्न मांगों से संबंधित एक मांग पत्र भी सौंपा गया। विधायक नेताम ने मांगों को स्वीकार करते हुए क्षेत्र में बैडमिंटन ग्राउंड एवं ओपन जिम की घोषणा की, जिससे युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। आयोजन स्थल पर पूरे कार्यक्रम के दौरान खेल प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही और सरोना क्षेत्र में खेल को लेकर उत्सव का माहौल बना रहा।

### साधुमिचगांव में ओपन चैलेंज प्रो कबड्डी का शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के सुदूर वनांचल ग्राम साधुमिचगांव में ओपन चैलेंज प्रो कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की टीमों ने भाग लिया, जिससे खेल प्रेमियों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि आज खेल ग्रामीण अंचलों के युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम बन रहा है। खेल के जरिए युवाओं को न केवल पहचान मिल रही है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित हो रही है। उन्होंने कहा कि सुदूर वनांचलों में शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है, जो आने वाले समय में क्षेत्र के समग्र विकास का आधार बनेगा। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को बेहतर अवसर मिलें, ताकि वे राज्य और देश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

## विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण पर कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

भारतीय जनता पार्टी मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र धनेलीकन्हार के ग्राम किरगोली में शक्ति केंद्र स्तरीय विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन रहें। मुख्य वक्ताओं ने बताया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 16 दिसंबर को लोकसभा में वीबीजी रामजी विधेयक प्रस्तुत किया गया, जिसे भारी बहुमत से पारित किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से यह विधेयक कानून के रूप में लागू हुआ। उन्होने कहा कि 2 फरवरी 2006 को एनआरईजीए की शुरुआत हुई थी, जिसे वर्ष 2010 में मनरेगा नाम दिया गया। नए कानून के तहत छत्तीसगढ़ में मजदूरी दर 243 रुपएं से बढ़ाकर 261 रुपएं कर दी गई है। साथ ही प्रति परिवार को मिलने वाले रोजगार के दिनों की संख्या 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी नए कानून को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है और महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर विरोध कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि नए कानून में रामजी शब्द को लेकर आपत्ति जताई जा रही है। देश की जनता सच्चाई को भली-भांति जानती है। लोकेश्वर सेन ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से अव्हान किया कि वे चौक-चौराहों, गांव की बैठकों और कार्यस्थलों पर जाकर इस कानून के लाभों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं तथा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें। कार्यशाला के दौरान जनपद सदस्य मिथलेश मंडावी ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी किया गया।

इस अवसर पर बारदेवरी लैम्प्स अध्यक्ष लक्षिन्दर नाग, पूर्व कार्यालय मंत्री रमेश साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष भुजबल तारम, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुधांशु साहू, मेहत्तर राम, नरेश मंडावी, मोहन मंडावी, बारदेवरी बूथ अध्यक्ष चैन सिंह सामरथ, नारद मंडावी, विश्वनाथ मंडावी, परमानंद कौशिक, मुरडोगरी बूथ अध्यक्ष केश्वर जैन, अनिल चौहान, पवन कुमार उयके, जगदीश उईके सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पेज 09 के शेष...

### दलदली पंचायत की...

जानकारी दे दी गई है। इस सामुदायिक पहल में पूरे गांव का सहयोग मिल रहा है। विशेष रूप से सरपंच रमेश कुंजाम, उपसरपंच सुदामा यादव, ग्राम पटेल सियाराम मरकाम, ग्राम सभा अध्यक्ष रैमोतिन कोर्राम, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेंद्र नेताम, वनाधिकार समिति अध्यक्ष घसियाराम कोर्राम तथा ग्राम समिति दलदली का योगदान सराहनीय रहा है।

### तूमरीटोला-मर्रामपानी पुल...

विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाएंगी और स्वीकृति दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगी। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनेश नरेटि, ग्राम सरपंच राम गावड़े, हृदय राम बघेल, सुखचंद प्रजापति, सविता उईके, श्रीराम बघेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बोलेरो ने बाइक...

कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। बोलेरो का नंबर सीजी 04 पीवाय 2062 है और इस वाहन में स्टेयरिंग में सामने कांच स्टेट जीएसटी की प्लेट लगी हुई थी। समाचार लिखे जाने तक पीड़ितो ने एफआईआर नहीं लिखाई है। मामला दर्ज होने के उपरांत ही आरोपी बोलेरो वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा।


### सेम नाम बनी...

के नाम नहीं। गहराई से जांच करने पर दस्तावेजों की अदला-बदली और फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। इस गंभीर मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम पखांजुर को लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि विदेशी घुसपैठियों द्वारा स्थानीय अधिकारों पर डाका किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।







## खबर संक्षेप



### विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न, वंदे मातरम स्थल पर जुटे सैकड़ों श्रद्धालु

**कांकेर।** शहर के वंदे मातरम्-स्थल पर विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा तथा राष्ट्रहित में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भजन गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता और समरसता ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है। युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा, सेवा और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही सनातन परंपराओं, भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक धरोहरों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखते हुए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच, अनुशासन और सेवा भाव को बढ़ावा देकर ही मजबूत और सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है।

### निर्वाचन : देश में 10 लाख से अधिक मतदान केंद्र स्थापित

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस युवाओं एवं नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने प्रेरित करता है : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस मेरा भारत, मेरा वोट के थीम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा मतदाताओं के नाम संदेश प्रसारित की गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कांकेर संजीव कुमार टामक के मुख्य आतिथ्य में किया गया।




जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक ने कहा कि 25 जनवरी का बहुत महत्व है। इस दिन 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था तथा इसी दिन 25 जनवरी 2011 को पहला राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। यह दिन युवाओं एवं सभी नागरिकां को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के आंकड़ां के अनुसार पूरे देश में 10 लाख से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर मतदाता, पोलिंग अधिकारी, पर्यवेक्षक और आवश्यक चुनाव कर्मी तैनात रहते हैं ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संचालित हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिस तरह बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा किया गया, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर की प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए कार्य करें। प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश टामक ने कहा कि जहां किसी व्यक्ति के पास अधिकार होता है, वहीं उसके दायित्व भी होते हैं। सभी बीएलओ सावधानीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें, हमारा लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जुड़ा हो तथा सभी मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लें। मुख्य अतिथि श्री टामक ने राष्टीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित नए मतदाताओं, बीएलओ एवं अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड और एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के जिला स्तरीय आयोजन को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने संबोधित करते हुए बताया कि मतदान प्रक्रिया में कांकेर जिला का राज्य में अव्वल स्थान रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के तहत वर्ष 2003 के मतदाता सूची को आधार माना गया है। वर्ष 2003 की सूची में जिन निर्वाचक, निर्वाचकों के माता-पिता का नाम शामिल नहीं है, ऐसे निर्वाचकों को 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार 23 दिसम्बर 2025 को प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर 22 जनवरी 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं विलोपन के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त किये गये, जिनके निराकरण पश्चात आगामी 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 की स्थिति में कांकेर जिले के 767 मतदान केन्द्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 5,35,364 है, जिसमें पुरुष मतदाता 2,63,037 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 2,72,318 और तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 09 है। उन्हांने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन बी.एल.ओ. को प्रशस्ति पत्र एवं 05 हजार रूपए नगद राशि से पुरस्कृत किया जा रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नए मतदाता मांझापारा कांकेर निवासी भूषण कुमार केशरवानी एवं संयम चोपड़ा, जवाहर वार्ड के यशोदा यादव, माहुरबंदपारा के मोनिका धनेलिया एवं पार्वती सलाम और ग्राम कोकपुर के मतदाता रूद्रकांत जैन एवं छगेन्द्र कुमार सिन्हा को मतदाता कार्ड प्रदान किया गया।

एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र से रविदास कवलिया, लोकेश मिश्रा एवं कपिल साहू, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से पुरूषोत्तम सोनवंशी, किशोर कुमार साहू, मनोज कुमार देवांगन तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र से निरंजन सिंह ठाकुर, घसिया राम साहू और नंदलाल साहू को 05 हजार रूपए का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विभा पाण्डे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्रा, प्रथम वर्ग न्यायाधीश निखिल साहू, न्यायाधीश आयुषि शुक्ला, न्यायाधीश हिमांशु चंद्राकर एवं मयंक धुरव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित बीएलओ, नए मतदाता और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## धान खरीदी में अनियमितताओं और घोटाले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सरोना

सरोना तहसील अंतर्गत बुदेली लेम्पस क्षेत्र में संचालित धान खरीदी उपार्जन केंद्रों का ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान खरीदी प्रक्रिया, बोरे के वजन, नाप-तौल की पारदर्शिता और किसानों को हो रही समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सभी टोकनधारी किसानों से सीधे संवाद किया गया। किसानों से पूछा गया कि धान तौलने में मानक मापदंडों का पालन किया जा रहा है या नहीं, बोरे का वजन सही लिया जा रहा है अथवा नहीं और कहीं किसी प्रकार की कटौती तो नहीं की जा रही। किसानों ने अपनी समस्याओं और अनुभवों को कांग्रेस नेताओं के सामने रखा। इस दौरान नेताओं ने हाल ही में सामने आई उस चौंकाने वाली जानकारी पर भी सवाल उठाए, जिसमें सूत्रों के हवाले से यह बताया गया है कि लगभग 7 करोड़ रुपये मूल्य का धान चुहे खा गए। नेताओं ने इस दावे को बेहद गंभीर और संदेहास्पद



बताते हुए कहा कि न तो खाली बरदाना मौजूद है, न धान का भूसा दिखाई देता है और न ही चुहों की मौजूदगी के कोई स्पष्ट निशान मिले हैं। ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर धान के चुहों द्वारा खा जाने की बात समझ से परे है। ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी कमल ध्रुवा ने कहा कि मुसवा के नाम पर करोड़ों रुपएं का गबन किया गया है और यह किसानों के हक पर सीधा डाका है। सवाल उठाया कि इतने बड़े मामले के बावजूद शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस जांच नहीं होना बेहद चिंताजनक है और इससे प्रशासनिक सुस्ती साफ झलकती है।

## कुड़ाल में कांग्रेस कमेटी ने चलाया मनरेगा बचाओ जन आंदोलन

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत भानबेड़ा मंडल में मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत मनरेगा कार्यस्थल पर पहुँचकर श्रमिक साथियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान मनरेगा योजना की वर्तमान स्थिति, श्रमिकों की समस्याओं, मजदूरी भुगतान, कार्य उपलब्धता एवं अन्य जमीनी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के दिशानिर्देश पर मनरेगा बचाओ जन आंदोलन में श्रमिकों ने अपनी पीड़ा, अपेक्षाएँ और सुझाव खुलकर रखे।



मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्‍ कांग्रेस कमेटी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती से संघर्ष करती रहेगी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत हेमंत ध्रुव, सुनील बबला पाढ़ी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, मनीष योगी टेम्पा, उपाध्यक्ष निर्मला कावड़े, अमर सिंह कचलाम, सरपंच ममता ठाकुर, खेमलाल साहू, बिंदेश गोटी, नरेश जायसवाल, देवनारायण बंजारा, अशोक कोरेटी, छोटू यादव, नारद चालकी, खोलसाय कोरचे, शैलेन्द्र सिन्हा, चमन मंडावी, देवलाल तेता, राहुल कोरचे, संतूराम गावड़े, पीलाराम, दुलार गावड़े सुनेश गोटी, नेताम, मयाराम कावड़े, सतबाई गावड़े, रजवतीन नुरेटी, जनक टेकाम, मनोज सलाम, अशोतीन कोरचे, बरसो दर्रो, श्रवण नेताम, प्रवीण जैन आदि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### बासनवाही मेला में 27 को उमड़ेगा आस्था का

**बासनवाही।** बासनवाही-क्षेत्र की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपरा और गहरी आस्था का प्रतीक बासनवाही देव मेला मंगलवार 27 जनवरी को श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। वार्षिक देव मेले को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मान्यता है कि इस देव जातरा में शामिल होकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। देव मेले की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामूहिक सहभागिता है। बासनवाही सहित आसपास के 10 गांवों से श्रद्धालु अपने-अपने आराध्य देवताओं की डोलियों और निशानों के साथ मेले में पहुंचेंगे। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर ग्रामीण मन्नतें मांगेंगे और देवताओं का आशीर्वाद लेंगे। मंगलवार की सुबह से ही देव स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो जाएगा। देव जातरा के दौरान पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और लोक नृत्यों की प्रस्तुति माहौल को भक्तिमय बना देगी। देव मेले के अवसर पर बासनवाही में अस्थायी बाजार भी सजाया गया है।

# सिविल अस्पताल बना सियासी अखाड़ा, भाजपा कार्यकर्ताओं की तालाबंदी के खिलाफ डॉक्टरों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर




सेवा का मंदिर कहा जाने वाला अस्पताल जब राजनीतिक खींचतान का केंद्र बन जाए, तो उसका खामियाजा मासूम मरीजों को भुगतना पड़ता है। पखांजूर के सिविल अस्पताल में पिछले दो दिनों से जारी हाई-वोल्टेज ड्रामे और स्वास्थ्य सेवाओं के संकट पर फिलहाल विराम लग गया है। एसडीएम की मध्यस्थता के बाद डॉक्टरों ने हड़ताल ओपीडी बंद खत्म की, लेकिन इस घटना ने व्यवस्था और सुरक्षा पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले की शुरुआत तब हुई जब भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपांकर राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में तालाबंदी कर दी। दीपांकर राय का कहना है कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि डॉ मनमानी कर रहे हैं और मरीजों का ठीक से इलाज नहीं हो रहा है।

उन्होंने तर्क दिया कि जब सरकार सभी उपकरण मुहैया करा रही है, तो जनता को इलाज क्यों नहीं मिल रहा। डॉ. मनीषा मिंज ने बताया कि जब वे मरीजों का इलाज कर रहे थे, तब भीड़ ने अस्पताल में उनसे दुर्व्यवहार किया और महिला डॉक्टरों को धमकियां दीं। डॉ. प्रभात टोप्पो के अनुसार जब वे स्थिति का जायजा लेने पहुंचे, तो जनप्रतिनिधियों ने उन्हें अंदर जाने से रोका और उनसे बदतमीजी की। उस समय बीएमओ और अन्य डॉक्टर ट्रेनिंग पर थे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। मामला बढ़ता देख तहसीलदार केतन भुआर्य ने स्थिति को शांत करवाया और अस्पताल में लगा ताला खुलवाया। ऑन ड्यूटी स्वस्थ कर्मियों से दुर्व्यवहार करने के विरोध में डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं थाना प्रभारी पखांजूर को ज्ञापन सौंपा गया था। एसडीएम कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग और राजनीतिक पदाधिकारियों के बीच एक लंबी बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित निर्णय अब एक विशेष समिति गठित की जाएगी, जो सप्ताह में एक दिन अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेगी।

कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजदीप हालदार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सिविल अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार करना और स्वास्थ्य सेवाएं में बाधा डालना जैसे कृत्य की घोर निंदा कांग्रेस पार्टी करती है। कार्यकर्ताओं को यदि ताला लगाना ही है तो विधायक कार्यालय और सांसद कार्यालय में ताला लगाए आम जनता की स्वास्थ्य से खिलवाड़ ना करें।

## भानुप्रतापपुर मंडल में उत्साहपूर्वक सुना गया मन की बात का 130वां एपिसोड



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 130वां एपिसोड उत्साहपूर्वक सुना गया, जिसमें मतदान केंद्र मालापारा में उप सरपंच धर्मेंद्र रावटे के निवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं जनमानस की उपस्थिति में सामूहिक श्रवण किया गया। साथ ही

मंडल के विभिन्न मतदान केंद्र भानबेड़ा, भानुप्रतापपुर 81, भानुप्रतापपुर 87, कुआंपानी, कच्चे आशुलखार, संबलपुर आदि में भी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा कार्यक्रम का श्रवण किया गया, इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री द्वय राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, उप सरपंच धर्मेंद्र रावटे, उदय दास मानिकपुरी, दिनेश सोनवानी, उमेश दास, गणेश रावत, कुशल जैन, मोहनीस रावते, गुलशन पटेल, राजेश्री बारले, लुमेश्वरी सोनवानी, चंपा बाई सोनवानी, सुभद्रा जैन, गीता नाग, प्रमिला रावते, रेखा साहू, मंजू मजूमदार, चंद्रिका की उपस्थिति रही। भानुप्रतापपुर 87 में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंद जैन एवं हेमप्रकाश शिवहरे तथा भानुप्रतापपुर 81 में लक्ष्मण कुलदीप, जितेंद्र पांडे, जागेश्वर नरेटी, राजेंद्र जैन, सरपंच ढलान सिंह राणा, ज्वाला जैन, अनीश मिश्रा, जीवराखन सलाम, प्रताप निषाद सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने मतदान केंद्रों में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, स्टार्टअप, तकनीक, भारतीय संस्कृति, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा जैसे विषयों पर प्रेरक विचार रखे जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने ध्यानपूर्वक सुना।

## बसंत पंचमी व जन्मदिन पर विद्यालय में हुआ नेवता भोज



**सरोना।** उच्च प्राथमिक शाला भिरौद में कक्षा दूसरी के छात्र के जन्मदिन एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा। नेवता भोज में खीर, पूड़ी, बड़ा, छोले, सब्जी सहित विभिन्न व्यंजन परोसे गए, जिसका सभी ने आनंद लिया। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय में माँ सरस्वती की आराधना की गई। प्रधान पाठक दलेश्वरी सिन्हा एवं संकुल समन्वयक कौशल मंडावी ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक सौहार्द बढ़ाने वाला बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ द्वारा वट्टी परिवार का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## विकसित भारत जी रामजी अधिनियम से गांवों में आएगी विकास की क्रांति



**सरोना।** देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 लागू किया गया है। यह अधिनियम गांवों को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजा देवनानी ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने पहले संसदीय भाषण में ही नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार गरीबों के लिए समर्पित होगी। अब विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण विकास को और अधिक गति देने का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह केवल अधिनियम के नाम को लेकर विरोध कर रही है और जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। स्पष्ट किया कि आजीविका मिशन एवं रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत अब छोटे पुल-पुलिया, शेड निर्माण, सीसी सड़क जैसे मूलभूत विकास कार्यों को भी शामिल किया गया है। पंचायत स्तर पर पंच और सरपंच अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार इन कार्यों को करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम में पारदर्शिता लाई गई है, कार्य अवधि 125 दिनों की होगी और खेती-किसानी के समय काम स्थगित रखने की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जहां-जहां इस योजना के अंतर्गत कार्य चल रहे हैं, वहां जाकर लोगों को सही जानकारी देंगे। टिकेश्वर सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा का उन्नत, अधिक प्रभावी और पारदर्शी स्वरूप है। भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार जैसी शिकायतें सामने आती थीं। विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम इन सभी समस्याओं का स्वतः समाधान करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को ही इसका लाभ मिलेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, श्वासरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-3, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411


मजबूत पुलिस विश्वसनीय पुलिस
कांकेर पुलिस
भारत के संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की मजबूती और देश की एकता-अखंडता के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
के पावन अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं...
कांकेर पुलिस की अपील
सुरक्षित समाज के लिए सभी अवैध गतिविधियों एवं अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
जिला पुलिस प्रशासन- उत्तर बस्तर कांकेर ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कांकेर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे एक जागरूक नागरिक होने का परिचय दें और समाज में होने वाली किसी भी गलत गतिविधियों व अपराध के खिलाफ सतर्क रहें और तत्काल सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने समाज की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी संदेश के साथ एक विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 जारी किया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई नागरिक अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देता है, तो उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।
सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध
26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले समस्त शासकीय एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों की गरिमा बनाए रखने के लिए जिले के प्रमुख चौक-चौराहों और समारोह स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी रखी जा रही है ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हो सके।
नागरिकों के लिए जरूरी निर्देश
सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं और जिला कंट्रोल नंबर 94791-94199 पर सूचना दें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों और अफवाहों पर भरोसा न करें। ट्रैफिक जाम की स्थिति से बचने के लिए निर्धारित रूट व पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। जिला पुलिस प्रशासन अपेक्षा करती है कि हमेशा की भाँति जनता के सहयोग और सहभागिता से कांकेर में यह राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास और पूर्ण गौरव के साथ मनाया जाएगा।
जिला पुलिस उत्तर बस्तर कांकेर
Kanker Police  Kanker_Police  kankerPolice

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा




मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कांकेर


मा. अरूण साव
सांसद कांकेर
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मों में करें...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. गजेन्द्र यादव
मंत्री छ.ग. शासन
विनीत : जिला शिक्षा विभाग कांकेर













संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148




## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन (NFSNM)

2024-25 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन (NFSNM) के रूप में पुनर्गठित किया गया है। यह योजना मुख्य रूप से चावल, गेहूं, दालें, पोषक अनाज (Nutri Cereals) और तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर केंद्रित है।

### 1. NFSNM (NFSM) का उद्देश्य (2024-25)

उत्पादन बढ़ानाः दालों, तिलहन, पोषक अनाज, चावल और गेहूं के उत्पादन में वृद्धि करना।

क्षेत्र विस्तारः प्रति इकाई क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाना।

मिट्टी की उर्वरताः व्यक्तिगत कृषि स्तर पर मिट्टी की उर्वरता को बहाल करना।

### 2. प्रमुख रणनीतियाँ और घटक

एग्रो-क्लाइमेटिक योजनाः कृषि जलवायु क्षेत्रवार योजना और फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए क्लस्टर दृष्टिकोण अपनाना।

बीज मिनीकिट वितरणः उच्च उपज वाली किस्मों के बीज मिनीकिट का वितरण, विशेष रूप से खरीफ और रबी फसलों के लिए (जैसे अरहर, बाजरा)।

तकनीकी प्रदर्शनः राज्य प्रदर्शन (State & Block Demonstration) और फ्रंटलाइन प्रदर्शन (FLD) के माध्यम से उन्नत तकनीकों का प्रसार।

पौधा संरक्षणः कृषि किट और पौधे संरक्षण रसायनों का सब्सिडी पर वितरण।

फसल प्रणाली आधारित हस्तक्षेपः चावल परती (Rice fallow) क्षेत्रों का उपयोग कर दालों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना।

### 3. NFSNM के तहत फसलें

NFSNM-दालें (Pulses): अरहर, मूंग, उड़द आदि।

NFSNM-पोषक अनाज (Nutri Cereals): बाजरा, ज्वार, रागी आदि।

NFSNM-चावल और गेहूं (Rice & Wheat)।

NFSNM-तिलहन (Oilseeds): सरसों, मूंगफली और सोयाबीन।

### 4. सब्सिडी और लाभ (2024-25)


बीज मिनीकिट पात्रताः एक किसान जिसने एक घटक के तहत मिनीकिट प्राप्त किया है, वह कम से कम दो साल तक उसी फसल या किस्म के लिए दूसरा मिनीकिट प्राप्त करने के लिए अयोग्य होगा। आर्थिक सहायताः उन्नत बीज, उर्वरक, और मशीनरी के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित दर पर सब्सिडी प्रदान की जाती है।


**विनीत : राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन, कांकेर**





**विनीत : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कांकेर के समस्त ठेकेदार**


26TH JANUARY
गणतंत्र
दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी
यह गुलसिता हमारा,
भारत माता की जय, वंदे मातरम।
HAPPY REPUBLIC DAY
26TH JANUARY
:: विनीत ::
जनपद पंचायत कांकेर, जनपद पंचायत नरहरपुर, जनपद पंचायत चारामा,
जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, जनपद पंचायत अंतागढ़,
जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा


26
JANUARY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
नरहरपुर, जिला कांकेर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी जो, ज्वाला वो याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी, पहुंची थी किनारे पर,
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
अंतागढ़ जिला कांकेर


मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. अरूण साव
सांसद कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें, शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है इसका उपयोग सत्य कर्मों में करें...
विनीत
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कांकेर के समस्त ठेकेदार


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
चारामा, जिला कांकेर


26
JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
धनेलीकन्हार, जिला कांकेर


मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. केदार कश्यप
वन मंत्री छ.ग. शासन
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्म, संस्कृति की रक्षा करें,
शहर की एकता को बनाये रखें
शहर के विकास और उन्नति के लिए कदम बढ़ाये
अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यो में करें
मानव जीवन बहुमूल्य है
इसका उपयोग सत्य कर्मो में करें...
मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
विनीत : स्वास्थ्य परिवार, कांकेर


26
JANUARY
दे सलामी इस तिरंगे को जिस से तेरी शान हैं...
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका, जब तक दिल में जान हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत: एक शुभचिंतक


मा. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर
मा. केदार कश्यप
वन मंत्री छ.ग. शासन
मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़
मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर
मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी ज्वाला वो याद कर लें,
जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पर,
बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।
विनीत : जल संसाधन विभाग के समस्त ठेकेदार कांकेर